तत्काल
अत्यावश्यक

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : jdmpsamb@gmail.com Tel: 0755-4270561

क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉडयूल/2014–15/914 भोपाल दिनांक 28 अगस्त 2015

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल को क्रियान्वित किये जाने संबंधी।

संदर्भः–कार्यालयीन पत्र क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉड्यूल/2014–15/293–294 दिनांक 08 जुलाई 2015 एवं दिनांक 22 जुलाई 2015 को सम्पन्न संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों की मासिक समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक महोदय के निर्देश एवं 305–306 दिनांक 05 अगस्त 2015।

–0–

उल्लेखित विषय में दिनांक 01 जून 2015 से प्रदेश की मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल का सुचारु क्रियान्वयन सुनिश्चित कराने हेतु आप नोडल अधिकारी एवं मण्डी के सचिव उप नोडल अधिकारी नियुक्त हैं।

दिनांक 20 अगस्त 2015 को सम्पन्न संयुक्त संचालक/उप संचालक, आंचलिक कार्यालयों की सम्पन्न मासिक समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक महोदय के द्वारा यह निर्देश दिये गये थे कि ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल क्रियान्वयन अंतर्गत सभी प्रकार की स्वतः जनित रिपोर्टस की प्राप्ती की जाये एवं नियमित मॉनिटरिंग यथा समीक्षा में रिपोर्टस का अधिक से अधिक उपयोग किया जाये। साथ ही रिपोर्टस में किसी प्रकार के बदलाव, संशोधन, उपयोगी बनाने एवं सृजन की आवश्यकता है तो परीक्षण कर अपना सुझाव यथा प्रतिवेदन मण्डी बोर्ड मुख्यालय को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये थे।

विषय संदर्भ में समीक्षा किये जाने पर यह पाया गया कि किसी भी संयुक्त संचालक/उप संचालक आंचलिक कार्यालय के द्वारा अपने सुझाव/प्रतिवेदन आज दिनांक तक उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस स्थिति से स्पष्ट है कि बारम्बार निर्देश दिये जाने के बावजूद आपके द्वारा मण्डी बोर्ड मुख्यालय के निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। अतः अंतिम रुप से निर्देशित किया जाता है कि एक सप्ताह की समय सीमा में अपना प्रतिवेदन अनिवार्य रुप से उपलब्ध करायें अन्यथा वस्तुस्थिति से प्रबंध संचालक महोदय को अवगत कराया जावेगा।

(ए0पी0एस0सोलंकी)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / अनुज्ञा–मॉडयूल / 2014–15 / 915 भोपाल दिनांक 28 अगस्त 2015

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) उप संचालक (नियमन), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(04) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल